# U.P. Power Transmission Corporation Limited
## उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)


Office Of The
Superintending Engineer (TP&PSS))
3rd Floor, Shakti Bhawan Extn.
14-AshokMarg Lucknow-226001
Email I.D. setppssn@gmail.com
Phone : 0522-4108994

कार्यालयः
अधीक्षण अभियन्ता(टी.पी.एवं पीएसएस)
तीसरा तल, शक्ति भवन विस्तार,
14, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
दूरभाष : 0522-4108994


पत्रांकः– 5829 अधी0अभि0/टी0पी0एवं पी0एस0एस0/14वीं योजना/TWC दिनांकः– 8 फरवरी, 2023

**विषय : उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 द्वारा गठित "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनांक 20.01.2023 को आहूत 14वीं योजनाकाल की 11वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त।**

1– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं अध्यक्ष समिति।

2– निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।

3– निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।

4– निदेशक(एस0एल0डी0सी0), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।

5– निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।

6– निदेशक (नियोजन एवं वाणिज्य), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।

7– मुख्य अभियन्ता (ऊर्जा प्रणाली), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, एवं स्थायी आमन्त्री, विभूति खण्ड–II, निकट मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ।

8– मुख्य अभियन्ता (पी0पी0एम0एम0), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 एवं स्थायी आमन्त्री, 7वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

9– मुख्य अभियन्ता (नियोजन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

**"पारेषण कार्य अनुमोदन समिति"** की 14वीं योजनाकाल की दिनांक 20.01.2023 को आहूत 11वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त संलग्न है। यह कार्यवृत्त उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 की बेवसाइट **www.upptcl.org** के **ongoing transmission works** लिंक पर भी उपलब्ध है।

संलग्नकः यथोपरि।

(ए0के0 शुक्ला)
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पी0एस0एस0)
एवं सदस्य संयोजक

प्रतिलिपि :–

1– निदेशक (वितरण),उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

2– मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–पूर्व), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 57 जार्ज टाउन, इलाहाबाद।

3– मुख्य अभियन्ता (पारेषण उत्तर–पूर्व), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 132 के0वी0 उपकेन्द्र, मोहद्दीपुर, गोरखपुर।

4– मुख्य अभियन्ता (पारेषण मध्य), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पारेषण भवन, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

5– मुख्य अभियन्ता (पारेषण पश्चिम), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पारेषण भवन 130–डी,विक्टोरिया पार्क, मेरठ।

6– मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–पश्चिम), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, निकट अमर उजाला प्रेस, ककरैथा रोड, आगरा।

7– मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–मध्य), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 132 के0वी0 उपकेन्द्र, हसारी, झांसी।

8– मुख्य अभियन्ता (765 के0वी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 15वॉं तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।

9– मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण– I), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 8/110 इन्दिरानगर, लखनऊ।

10– मुख्य अभियन्ता (सी0एम0यू0टी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 11वॉं तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।

11– मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण–II), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 9वॉं तल शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

12– मुख्य अभियन्ता (डी0 एण्ड पी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 10वॉं तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

13– उप महाप्रबन्धक (पारेषण मुख्यालय) वित्त एवं भुगतान इकाई, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, प्रथम तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

14– श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्व निदेशक (आपरेशन), के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

**संलग्नक: यथोपरि।**

**(ए0के0 शुक्ला)**
**अधीक्षण अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस)**
**एवं सदस्य संयोजक**

# उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 की "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनांक 20.01.2023 को सम्पन्न 14वीं योजनाकाल की 11वीं बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति:–

सदस्य:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री पी0 गुरूप्रसाद | : | प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं अध्यक्ष। |
| 2. श्री पीयूष गर्ग | : | निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य। |
| 3. श्री निधि कुमार नारंग | : | निदेशक (वित्त), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य। |
| 4. श्री राजीव कुमार | : | निदेशक (कार्य एवं परियोजना) / (नियोजन एवं वाणिज्य), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य। |
| 5. श्री अंजनी कुमार शुक्ला | : | अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पी0एस0एस0) एवं संयोजक सदस्य। |

अन्य:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री सत्येन्द्र कुमार | : | अधिशासी अभियन्ता(टी0पी0 एवं पी0एस0एस0), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0। |
| 2. श्री दीपक जायसवाल | : | अधिशासी अभियन्ता(टी0पी0 एवं पी0एस0एस0), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0। |

निदेशक (ऑपरेशन) एवं वितरण क्षेत्रों से प्राप्त पारेषण कार्यों के प्रस्तावों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति ने निम्न निर्णय लिये :–

(क) नये कार्य :–


1. **132 के0वी0 2x40 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र नेवाजगंज (रायबरेली) का निर्माण कार्य :–**

वर्तमान में जनपद रायबरेली के तहसील महराजगंज की विद्युत आपूर्ति 132 / 33 के0वी0 बछरावां उपकेन्द्र (2x40) द्वारा की जाती है। उक्त उपकेन्द्र अतिभारित है एवं तहसील महाराजगंज को पोषित करने वाले 33 के0वी0 फीडरो की लम्बाई अत्यधिक होने के कारण तहसील महराजगंज व निकटवर्ती क्षेत्रों में लो वोल्टेज एवं ब्रेकडाउन की समस्या उत्पन्न होती है। अतः उक्त समस्या के दृष्टिगत गुणवत्ता पूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु डिस्काम की आवश्यकतानुसार तहसील महराजगंज में 132 / 33 के0वी0 नेवाजगंज उपकेन्द्र प्रस्तावित है। उपकेन्द्र निर्माण हेतु ग्राम– बावन बुजुर्ग बल्ला, तहसील महाराजगंज में 02 हेक्टेयर ग्राम समाज की भूमि उपलब्ध है। उपकेन्द्र निर्माण उपरान्त म0वि0वि0नि0लि0 के 33 के0वी0 उपकेन्द्र यथा महाराजगंज, रहवां, हरचन्दपुर, महाराजगंज तहसील, चन्दापुर, गंगागंज (रिवैम्प में प्रस्तावित), मऊगर्वी (रिवैम्प में प्रस्तावित) उपकेन्द्र पोषित होगें।

अतः उक्त के दृष्टिगत क्षेत्र द्वारा प्रेषित उपकेन्द्र निर्माण एवं सम्बन्धित कार्य समिति द्वारा निम्नवत् अनुमोदित किया गया :–

- **132 के0वी0 2x40 एम0वी0ए0 उपकेन्द्र नेवाजगंज (रायबरेली) का निर्माण कार्य (डबल मेन ट्रांसफर पद्धति द्वारा)।**
- **132 केवी अमावां – बछरावां एससी लाइन का नेवाजगंज उपकेन्द्र पर लीलो निर्माण कार्य– 5.9 किमी0।**

**अनुमानित व्यय रू0 40.15 करोड़**




(ख) रेडियल पोषित उपकेन्द्र को द्वितीय स्त्रोत उपलब्ध कराने सम्बन्धी कार्य :–


1. **132 के0वी0 उपकेन्द्र कैथी–सैदपुर लाइन का द्वितीय स्त्रोत हेतु निर्माण कार्य :–**

वर्तमान मे 132/33 के0वी0 उपकेन्द्र कैथी (2x40), 132 के0वी0 सारनाथ (400)–कैथी लाइन द्वारा रेडियल पोषित है। उपकेन्द्र कैथी से वाटर सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट की भी विद्युत आपूर्ति की जाती हैं उक्त पारेषण लाइन के शट्डाउन/ब्रेकडाउन की स्थिति मे उपकेन्द्र कैथी की विद्युत आपूर्ति पुर्णतयः बाधित हो जाती है। अतः कैथी उपकेन्द्र को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए द्वितीय स्त्रोत उपलब्ध कराने हेतु 132 के0वी0 सैदपुर–कैथी लाइन का निर्माण प्रस्ताव क्षेत्र द्वारा प्रस्तावित है।

अतः उक्त के दृष्टिगत उपकेन्द्र को द्वितीय स्त्रोत उपलब्ध कराने हेतु क्षेत्र द्वारा प्रेषित लाइन निर्माण कार्य समिति द्वारा निम्नवत् अनुमोदित किया गया :–

- **132 के0वी0 उपकेन्द्र सारनाथ (400) – सैदपुर लाइन के विद्यमान डी0सी0 टावर पर स्ट्रिंगिग कार्य – 16.65 किमी0 एवं 0.26 किमी0 केबिल द्वारा।**
- **132 के0वी0 उपकेन्द्र सैदपुर पर 132 के0वी0 'बे' का निर्माण कार्य – 01 अदद।**
- **132 के0वी0 उपकेन्द्र कैथी पर 132 के0वी0 टी0बी0सी0 'बे' को 132 के0वी0 लाइन 'बे' मे परिवर्तन एवं 132 के0वी0 केबिल के माध्यम से टी0बी0सी0 'बे' का निर्माण कार्य।**

**अनुमानित व्यय रू0 5.27 करोड़**



(ग) <u>जमा मद/अनुदान में :–</u>

1. **मै0 एयर लिक्विड के संयोजन हेतु 132 के0वी0 उपकेन्द्र कोसीकलां (UPSIDC), मथुरा पर 132 के0वी0 लाइन एवं 'बे' सम्बन्धी निर्माण कार्य :–**

वर्तमान मे 132 के0वी0 उपकेन्द्र कोसीकलां (UPSIDC) (2x40 एम0वी0ए0), 132 के0वी0 छाता (220)– कोसीकलां (UPSIDC) डी0सी0 लाइन द्वारा पोषित होती है। 132 के0वी0 कोसीकलां (UPSIDC) उपकेन्द्र पर मै0 एयर लिक्विड द्वारा 14.5 एम0वी0ए0 के भार का 132 के0वी0 विभव पर विद्युत संयोजन डिस्काम द्वारा स्वीकृत किया गया है।

प्रदेश मे औद्योगिकरण को प्रोत्साहन देने एवं कोविड–19 महामारी के दौर में अत्यंत आवश्यक चिकित्सकीय आक्सीजन प्लाण्ट की विद्युत आपूर्ति हेतु 132 के0वी0 कोसीकलां (UPSIDC) – मै0 एयर लिक्विड सिंगल सर्किट लाइन एवं 132 के0वी0 'बे' का निर्माण कार्य किया जाना आवश्यक है। जिसका व्यय **जमा मद** में मै0 एयर लिक्विड द्वारा वहन किया जायेगा।

अतः उक्त के दृष्टिगत क्षेत्र द्वारा जमा मद मे प्रेषित प्रस्ताव समिति द्वारा निम्नवत अनुमोदित किया गया :–

- **132 के0वी0 कोसीकलां (UPSIDC)– मै0 एयर लिक्विड सिंगल सर्किट लाइन का डी0सी0 टावर पर निर्माण–01 किमी0।**
- **132 के0वी0 कोसीकलां उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 'बे' का निर्माण कार्य– 01 अद्द।**

**अनुमानित व्यय रू0 4.95 करोड़**
**(जमा मद में)**

2. **आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट हेतु 220 के0वी0 उपकेन्द्र सिकन्दरा (आगरा) पर 132 के0वी0 फीडर 'बे' का निर्माण कार्य।**

वर्तमान में 220 के0वी0 उपकेन्द्र सिकन्दरा (आगरा), 220 के0वी0 आगरा (400)–सिकन्दरा डी0सी0, 220 के0वी0 औरैया(400)–सिकन्दरा डी0सी0 एवं 220 के0वी0 आगरा पी0जी0 (400)–सिकन्दरा द्वारा पोषित होती है। 220 के0वी0 सिकन्दरा उपकेन्द्र पर 02 नग 132 के0वी0 फीडर 'बे' का निर्माण जमा मद में उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 के द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है। अतः उक्त फीडर 'बे' निर्माण कार्य के दृष्टिगत समिति द्वारा निम्नवत् अनुमोदित किया गया।

- **220 के0वी0 सिकन्दरा उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 फीडर 'बे' का निर्माण कार्य– 02 अद्द।**

**अनुमानित व्यय रू0 2.62 करोड़**
**(जमा मद में)**

3. **132 के0वी0 मिण्टो पार्क – ओल्ड पावर हाउस (जी0आई00एस0) भूमिगत लाइन का निर्माण कार्य :–**

प्रयागराज महानगर एवं मेला क्षेत्र के सम्बन्धित प्रयागराज रेलवे स्टेशन बस स्टेशन, प्रशासनिक एवं पुलिस मुख्यालय, मा0 उच्च न्यायालय, सिविल लाइन एवं अवस्थित होटल, रेस्टोरेन्ट सहित महत्वपूर्ण शहरी क्षेत्र को पारेषण के 132 के0वी0 जी0आई0एस0 ओल्ड पावर हाउस उपकेन्द्र से विद्युत आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में 132 के0वी0 ओल्ड पावर हाउस (जी0आई0एस0), 132 के0वी0 कैण्ट (220) – ओल्ड पावर हाउस डी0सी0 भूमिगत केबल द्वारा पोषित है। उपरोक्त अण्डरग्राण्उड केबिल लाइन के निर्माण के बाद के वर्षों, गत कुम्भ मेला 2018–19 एवं अन्य विकास कार्यों के अन्तर्गत सड़क चौड़ीकरण एवं फ्लाईओवर का निर्माण हो जाने के कारण केबिल लाईन सड़क एवं फ्लाईओवर के काफी अन्दर हो गयी


है। जिसके कारण उपरोक्त केबिल लाइन में किसी प्रकार की खराबी उत्पन्न हो जाने पर उसे सुचारू करने में बहुत लम्बा समय लगता है। इसके साथ ही 220 के0वी0 उपकेन्द्र कैण्ट पर किसी प्रकार की व्यवधान उत्पन्न होने पर भी इतने महत्वपूर्ण क्षेत्रों को आपूर्ति करने वाले 132 के0वी0 जी0आई0एस0 ओल्ड पावर हाउस उपकेन्द्र को आपूर्ति करने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। 132 के0वी0 जी0आई0एस0 ओल्ड पावर हाउस उपकेन्द्र प्रयागराज महानगर के मध्य धनी आबादी क्षेत्र में स्थित है। महानगर की परिधि में गंगा एवं यमुना नदी है तथा उपकेन्द्र हेतु ओवरहेड लाइन का निर्माण किया जाना सम्भव नहीं है। अवगत कराया गया कि मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 29.12.2022 को सम्पन्न बैठक में परियोजना का सैद्धान्तिक अनुमोदन प्राप्त है।

अतः उपरोक्त उपकेन्द्र को आपूर्ति का वैकल्पिक स्त्रोत उपलब्ध कराने हेतु नजदीकी 132 के0वी0 मिण्टो पार्क से 132 के0वी0 भूमिगत केबिल लाइन का निर्माण (कुम्भ मेला – 2025 मद से प्राप्त अनुदान द्वारा) क्षेत्र द्वारा प्रस्तावित है।

अतः उक्त के दृष्टिगत क्षेत्र द्वारा प्रेषित लाइन निर्माण कार्य समिति द्वारा निम्नवत् अनुमोदित किया गया।

- **132 के0वी0 मिण्टो पार्क – ओल्ड पावर हाउस (जी0आई00एस0) भूमिगत लाइन ( 630 sqmm. एल्यूमिनियम केबिल 3+1) का निर्माण – 4.5 किमी0।**
- **132 के0वी0 ओल्ड पावर हाउस(जी0आई00एस0) पर 132 के0वी0 जी0आई0एस0 'बे' का निर्माण – 01 अदद्।**
- **132 के0वी0 मिण्टो पार्क उपकेन्द्र पर 132 के0वी0 हाईब्रिड 'बे' का निर्माण – 01 अदद्।**

**अनुमानित व्यय रू0 21.30 करोड़**
**(कुम्भ मेला – 2025 मद से प्राप्त अनुदान द्वारा)**



4. **132 के0वी0 झूसीं (प्रयागराज) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धि :–**

वर्तमान में 132/33 के0वी0 उपकेन्द्र झूसीं पर क्षमता 2x63 एमवीए (पीक लोड 85 एमवीए) है एवं कनेक्टड लोड 169 एमवीए है एवं 10 एमवीए का भार प्रस्तावित है। अतः N-1 एवं आगामी कुम्भ मेला – 2025 में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत प्रेषित 2x63 से 2x63+1x40 एमवीए परिवर्तक 'बे' सहित क्षमतावृद्धि कार्य (कुम्भ मेला – 2025 मद से प्राप्त अनुदान द्वारा) समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

**अनुमानित व्यय रू0 6.37 करोड़**
**(कुम्भ मेला – 2025 मद से प्राप्त अनुदान द्वारा)**

## वित्तीय वर्ष 2022–23 में पारेषण कार्य अनुमोदन समिति द्वारा अब तक अनुमोदित कार्यों की लागत का विवरण :–

| टी0डब्ल्यू0सी0 बैठक का विवरण | | उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 के मद में | | | | जमा मद कार्य | | टी0बी0सी0बी0 | योग (रू0 करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | क्षमतावृद्धि एवं सुदृढ़ीकरण | | | | | |
| 14वां प्लान | दिनांक | जी0ई0सी0–।। | नये कार्य | रू0 5 करोड़ से कम लागत के कार्य | रू0 5 करोड़ से अधिक लागत के कार्य | नये कार्य | क्षमतावृद्धि एवं सुदृढ़ीकरण | नये कार्य | |
| प्रथम बैठक | 05.04.2022 | 486.84 | - | 4.82 | 10.67 | 40.26 | - | - | 542.59 |
| द्वितीय बैठक | 04.05.2022 | 2009.77** | - | 11.34 | 7.21 | 121.89 | - | - | 2150.21 |
| तृतीय बैठक | 28.05.2022 | 88.82 | - | - | - | 148.44 | - | - | 237.26 |
| चतुर्थ बैठक | 18.06.2022 | 393.75 | - | - | 27.52 | - | - | - | 421.27 |
| पंचम बैठक | 30.07.2022 | - | - | 9.57 | 57.27 | 133.76 | - | - | 200.6 |
| 6वीं बैठक | 02.09.2022 | - | - | 37.79 | 130.18 | - | - | 1057.95 | 1225.92 |
| 7वीं बैठक | 07.09.2022 | - | 48.88 | 36.78 | 123.52 | - | 6.77 | - | 215.95 |
| 8वीं बैठक | 22.09.2022 | - | 11.69 | 31.44 | 159.64 | - | - | - | 202.77 |
| 9वीं बैठक | 09.11.2022 | 1807.61 | 181.62 | 18.23 | 130.57 | 352.89 | - | 493.52 | 2984.44 |
| 10वीं बैठक | 21.12.2022 | - | 54.74 | 18.57 | 107.43 | 6.27 | - | 428.30 | 615.31 |
| 11वीं बैठक | 20.01.2023 | - | 40.15 | - | 5.27 | 7.57 | 27.67 | - | 80.66 |
| **योग** | | **4786.79*** | **337.08** | **168.55#** | **759.28** | **811.08** | **34.44** | **1979.77** | **8876.98** |
| **कुल योग** | | **6051.69** | | | | **845.52** | | **1979.77** | **8876.98** |

* 33% धनराशि MNRE द्वारा पूँजीगत अनुदान + 47% धनराशि ऋण के रूप में + 20% धनराशि राज्य सरकार द्वारा अंशपूँजी के रूप में।

** द्वितीय बैठक में जी0ई0सी0–।। मद में कुल अनुमोदित लागत रू0 4001.92 करोड़ को 9वीं बैठक में 765 के0वी0 गरौठा एवं तालबेहट उपकेन्द्र एवं सम्बन्धित लाइन लागत में संशोधन उपरान्त कुल रू0 2009.77 करोड़ समिति द्वारा अनुमोदित किया गया।

# रू0 130 करोड़ के कार्यों की लागत रू0 05 करोड़ से कम होने के कारण उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 के आन्तरिक संसाधनों द्वारा निष्पादित किये जायेंगे।

वित्तीय वर्ष 2022–23 में अनुमोदित रू0 05 करोड़ से कम लागत के कार्य (कुल धनराशि रू0 168.55 करोड़) :–

| 01 अप्रैल, 2022 से दिनांक 21.12.2022 (14वीं योजनाकाल की 10वीं टी0डब्ल्यू0सी0) तक अनुमोदित रू0 05 करोड़ से कम के कार्य की धनराशि | वर्तमान टी0डब्ल्यू0सी0 में प्रस्तावित, रू0 05 करोड़ से कम लागत के कार्य की कुल धनराशि | वित्तीय वर्ष 2022–23 में अनुमोदित, रू0 05 करोड़ से कम के कार्य की कुल धनराशि |
|---|---|---|
| रू0 168.55 करोड़ | रू0 00.00करोड़ | रू0 168.55 करोड़ |

(अंजनी कुमार शुक्ला)
अधीक्षण अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस)
एवं संयोजक सदस्य

(राजीव कुमार)
निदेशक (कार्य एवं परि0)/
(नियोजन एवं वाणिज्य) एवं सदस्य

20/1/23

(पीयूष गर्ग)
निदेशक (आपरेशन)/(एसलीडीसी) एवं सदस्य।

(निधि कुमार नारंग)
निदेशक (वित्त) एवं सदस्य।

(पी0 गुरूप्रसाद)
प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं अध्यक्ष